श्याम तेरी मूर्ति | By Puja Nathani

लेले आधे ये प्राण तुझमे प्राण आ जाए
श्याम तेरी मूर्ति में जान आ जाए

पूरे जो देदूं मैं ना रहूँगा
सेवा करूँगा कैसे बातें करूँगा
मुझसे बातें करने को बस ज़ुबान आ जाये
श्याम तेरी मूर्ति में जान आ जाए

श्याम आधी साँसों पे दिया तुम्हे हक़ है
अगले जनम पर थोड़ा सा शक है
निकले मंदिर से घर में पाँव आ जाए
श्याम तेरी मूर्ति में जान आ जाए

ये आधा जीवन हमारा ना समझो
सेवा की खातिर तुम्हारा ही समझो
तेरे होंठों पे इस बेटे का नाम आ जाए
श्याम तेरी मूर्ति में जान आ जाए

सांसें ना दूँ तुम्हे मूर्ति समझ कर
रख तेरे कर्ज़े की पूर्ती समझ कर
वरना बनवारी बीच में एहसान आ जाए
श्याम तेरी मूर्ति में जान आ जाए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%bf-by-puja-nathani/